**नाम..................................** **अनुक्रमांक..........................**

**A**

# अर्द्ध वार्षिक परीक्षा–2026
# हिन्दी
# कक्षा–9

**समय : 3 घण्टे 15 मिनट]** **[पूर्णांक : 70**

**निर्देश–** प्रारम्भ के 15 मिनट परीक्षार्थियों को प्रश्न–पत्र पढ़ने के लिए निर्धारित हैं।

**नोट–** (i) प्रश्न–पत्र दो खण्डों में विभाजित है। खण्ड–'क', खण्ड–'ख'

(ii) खण्ड 'अ' में 20 अंक के बहुविकल्पीय प्रश्न हैं।

(iii) खण्ड 'ख' 50 अंक के वर्णनात्मक प्रश्न हैं जिनके अंक उनके सम्मुख अंकित हैं।

**खण्ड–'क' (बहुविकल्पीय प्रश्न)** **20×1=20**

1. **'भाषा योग वासिष्ठ' के लेखक हैं–**
(A) मुंशी सदासुखलाल
(B) सदल मिश्र
(C) रामप्रसाद निरंजनी
(D) मुंशी इंशा अल्ला खाँ।

2. **'मेरा जीवन प्रवाह' किसकी रचना है ?**
(A) वियोगी हरि
(B) वृन्दावन लाल वर्मा
(C) जयशंकर प्रसाद
(D) कोई नहीं।

3. **द्विवेदी युग की समय क्या है ?**
(A) 1900–1922 ई.
(B) 1910–1972 ई.
(C) 1920–1942 ई.
(D) 1930–1952 ई.

4. **'इन्दुमती' किस विधा की रचना है–**
(A) कहानी (B) नाटक (C) निबन्ध (D) उपन्यास।

5. **आचार्य महावीर प्रसाद द्विवेदी की रचना है–**
(A) अशोक के फूल
(B) त्रिवेणी
(C) साहित्य–सीकर
(D) कल्पवृक्ष।

6. **रामभक्ति शाखा के कवि नहीं हैं–**
(A) तुलसी (B) अग्रदास (C) चतुर्भुजदास (D) नाभादास।

7. **कौन अष्टछाप का कवि है–**
(A) सूरदास (B) नन्ददास (C) कृष्णदास (D) इनमें सभी।

8. **पूर्व–मध्यकाल किस काल को कहते हैं–**
(A) आदिकाल (B) भक्तिकाल (C) रीतिकाल (D) आधुनिक काल

9. **'सूरसागर' किसकी रचना है–**
(A) सूरदास की
(B) तुलसीदास की
(C) रसखान की
(D) केशवदास की।

10. **आदि काल की भाषा है–**
(A) ब्रज (B) अवधी (C) डिंगल (D) भोजपुरी।

11. **'शृंगार रस' का स्थायी भाव है–**
(A) रति (B) उत्साह (C) शोक (D) हास।

12. **'चारू चन्द्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल थल में' में कौन सा अलंकार है ?**
(A) अनुप्रास (B) यमक (C) श्लेष (D) उपमा

13. **'तन अनुहरत सुचन्दन खोरी, स्यामल गौर मनोहर जोरी' में कौन सा छन्द है ?**
(A) दोहा (B) चौपाई (C) रोला (D) बरवै।

14. **'प्रतिदिन' में कौन–सा समास है–**
(A) अव्ययी भाव (C) द्वन्द्व
(B) कर्मधारय (D) अव्ययीभाव

15. **भाई–बहन, देवी–देवता के मध्य कौन विराम चिन्ह होगा–**
(A) योजक (C) समता सूचक
(B) अल्पविराम (D) संक्षेप चिन्ह

16. **'दुर्भाग्य' का विलोम शब्द है–**
(A) सौभाग्य (B) निर्भाग्य (C) अभाग्य (D) कुभाग्य।

17. **गृह, सदन, गेह किसके पर्यायवाची हैं–**
(A) रात के (C) खेल के
(B) घर के (D) नाग के।

18. **हिमालय : से सन्धि है–**
(A) दीर्घ (B) यण (C) गुण (D) वृद्धि।

19. **रामाय किस विभक्ति एवं वचन का रूप है–**
(A) द्वितीया विभक्ति एकवचन (C) षष्ठी विभक्ति एकवचन
(B) सप्तमी विभक्ति, बहुवचन (D) चतुर्थी विभक्ति, एकवचन।

20. **'गच्छन्तु' किस लकार का रूप है ?**
(A) लट्‌लकार (C) लोट्‌लकार
(B) लृट्‌लकार (D) विधिलिङ्ग लकार

**खण्ड–'ख' (वर्णनात्मक प्रश्न)**

21. **निम्नलिखित गद्यांश पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए–** **2+2+2=6**

**वही हरा भरा मैदान था, वही सुनहरी चाँदनी एक नि:शब्द संगीत की भाँति प्रकृति पर छायी हुई थी, वही मित्र समाज था। वही मनोरंजन के सामान थे। मगर जहाँ हास्य की ध्वनि था, वहाँ अब करुण क्रन्दन और अश्रु प्रवाह था।**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।
(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।
(iii) प्रकृति पर क्या छायी हुई थी ?

**अथवा**

**धन्य हो, हे अगम, अगोचर, अलख, अपार देव, तुमही मेरी चिन्ता करो जहाँ तक देखता हूँ वहाँ तक**

(i) उपर्युक्त गद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) हजारों दीये किसके सामने स्वंय फीके पड़ गये ?

22. **निम्नलिखित में पद्यांशों में से किसी एक पर आधारित प्रश्नों के उत्तर दीजिए– 2+2+2=6**

(क) बसो मेरे नैनन में नन्दलाल।
मोर मुकुट मकराकृति कुण्डल, अरुण तिलक दिए भाल।
मोहनि मूरति साँवरि सूरति, नैना बने विशाल।
अधर–सुधा–रस मुरली राजत, उर वैजन्ती माल।
क्षुद्र घटिका कटि–तट शोभित, नूपुर सबद रसाल।
मीरा प्रभु संतन सुखदाई, भगत बछ्ल गोपाल।

(i) प्रस्तुत पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) 'सुधा' के चार पर्यायवाची शब्द लिखिए।

(ख) जो रहीम उत्तम प्रकृति का करि सकत कुसंग।
**चन्दन विष व्यापक नहिं लिपटे रहत भुजंग।**

(i) उपर्युक्त पद्यांश का सन्दर्भ लिखिए।

(ii) रेखांकित अंश की व्याख्या कीजिए।

(iii) भुजंग के चार पर्यायवाची लिखिए।

23. **(अ) निम्नलिखित में से किसी एक संस्कृत गद्यांश का ससन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए– 4**

(क) सदाचारः नाम नियमसंयमोः पालनम्। इन्द्रिय संगमः सदाचारस्य मूले तिष्ठति। इन्द्रियसंगमः युक्ताहार विहारेण युक्त स्वप्नावबोधेन च सम्भवति। किं युक्तं किम् अयुक्तम् इति सदाचारेण निर्णेतुं शक्यते।

(ख) एकदा वनात् प्रत्यागत्य रामदासः स्वद्वारि उपविष्टं धर्मदास दुर्बलं खिन्नं च दृष्ट्वा अपृच्छत्, 'मित्र धर्मदास चिराद् दृष्टोऽसि। केनापि रोगेण ग्रस्तः, येन एवं दुर्बलः। धर्मदासः प्रसन्नवदनं तम अवदत्

मित्र! नाहं रुग्ण: परं क्षीणविभव: इदानीम् अन्य इव सञ्जात:।इदमेव चिन्तयामि केनोपायेन, मन्त्रेण–तन्त्रेण वा सम्पन्न: भवेयम्। चिन्तयामि केनोपायेन, मन्त्रेण–तन्त्रेण वा सम्पन्न: भवेयम्।

**(ब) निम्नलिखित में से किसी एक श्लोक का ससन्दर्भ हिन्दी अनुवाद कीजिए– 4**

(क) सर्वलक्षणहीनोऽपि य: सदाचारवान् नर:।
श्रद्धालुरनसूयश्च शतं वर्षाणि जीवति॥

(ख) इक्ष्वाकुवंशप्रभवो रामो नाम जनै: श्रुत:।
नियतात्मा महावीर्यो द्युतिमान् धृतिमान् वशी॥

24. **'दीपदान' एकांकी का कथासार संक्षेप में लिखिए। 5**

**अथवा**

**'व्यवहार' एकांकी के प्रमुख पात्र 'क्रान्तिचन्द्र' का चरित्र चित्रण कीजिए।**

25. **(क) निम्नलिखित लेखकों में से किसी एक का जीवन–परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 4**
(i) प्रेमचन्द (ii) हजारी प्रसाद द्विवेदी (iii) महादेवी वर्मा

**(ख) निम्नलिखित कवियों में से किसी एक कवि का जीवन–परिचय देते हुए उनकी दो रचनाओं का उल्लेख कीजिए– 3+1=4**
(i) मीराबाई (ii) जयशंकर प्रसाद (iii) मैथिलीशरण गुप्त

26. **अपनी पाठ्य पुस्तक से कण्ठस्थ किया हुआ श्लोक लिखिए जो इस प्रश्न–पत्र में न आया हो। 2**

27. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर संस्कृत में दीजिए– 2+2=4**
(i) सदाचारस्य कोऽर्थ: ?
(ii) जीवलोकस्य रक्षक: क: आसीत् ?
(iii) अनृतं केन जयेत्।
(iv) सिद्धिमन्त्र: किम् अस्ति।

28. **निम्नलिखित मुहावरे व लोकोक्तियों में से किसी एक का अर्थ बताते हुए वाक्य प्रयोग कीजिए–**

(i) दाल न गलना
(ii) गागर में सागर भरना
(iii) दूर के ढोल सुहावने होना।

29. **निम्नलिखित में से किन्हीं दो वाक्यों का संस्कृत में अनुवाद कीजिए– 2+2=4**

(i) पेड़ से पत्ते गिरते हैं।

(ii) बालक पुस्तक पढ़ेंगे।

(iii) वे फल हैं।

(iv) तुम घर जाओ।

30. **अस्वस्थ होने पर प्रधानाचार्य को सूचित करने के लिए एक प्रार्थना–पत्र लिखिए। 5**